दिन– शुक्रवार                                    दिनांक– 15/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                    अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जमुई से छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
02. श्री मोदी ने कहा– एनडीए सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति के संरक्षण तथा उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।
03. दक्षिण बिहार के मगध, पटना, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू।
04. कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा समेत विभिन्न नदियों में लगाई आस्था की डुबकी।
05. और, सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव जी महाराज का पांच सौ पचपनवां प्रकाशोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर आज जमुई में छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष समारोह का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य जनजातीय समुदायों का उत्थान और ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार करना है।

–––बाईट–––

धरती आभा बिरसा मुंडा के इस भव्य स्मरण के बीच आज छह हजार करोड रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया हुआ है। इनमें मेरे आदिवासी भाई–बहनों के लिए करीब डेढ लाख पक्के घरों की स्वीकृति पत्र हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शुरू किया है।

–––बाईट–––

देश के 60 हजार से अधिक आदिवासी गांवों के विकास के लिए एक विशेष योजना हमने शुरू की धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान। इसके तहत करीब 80 हजार करोड रुपए आदिवासी गांवों में लगाए जाएंगे। इसका मकसद आदिवासी समाज तक जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के साथ–साथ युवाओं के लिए ट्रेनिंग और रोजगार के अवसर बनाने का भी है।

प्रधानमंत्री ने देश के आदिवासी गौरव, विरासत, संस्कृति तथा परंपरा के साथ न्याय नहीं करने के लिए पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना की। श्री मोदी ने कहा कि हमने आदिवासी बहुल क्षेत्रों को आकांक्षी जिलों में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने जनजातीय समुदाय के ज्ञान और परंपरा की प्रशंसा करते हुए उन्हें संरक्षित करने पर बल दिया।

———बाईट———

जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई इस पर हमारी सरकार का बहुत जोर है। आज डॉक्टरी हो, इंजीनियरिंग हो, सेना हो हर प्रोफेशन में आदिवासी बेटे बेटियां आगे आ रहे हैं। यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि बीते दशक में स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर संभावनाएं बनी है। बीते 10 सालों में एनडीए सरकार ने दो नई सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अनेक, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, दर्जनों आईटीआई आदिवासी बाहुल्य जिलों में बने हैं।

प्रधानमंत्री ने जनजातीय समाज के लिए इस तरह की पहल तैयार करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विचारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने बिरसा मुंडा की विरासत को समृद्ध करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

———बाईट———

समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, दुर्गा दास उइके, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष करिया मुंडा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हमारे संवाददाता ने बताया कि इस कार्यक्रम से देश अलग–अलग हिस्सों से अनुसूचित जनजाति के लोग वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और समृद्ध आदिवासी विरासत और संस्कृति पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय और दो जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का भी उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों के समृद्ध इतिहास और विरासत को संरक्षित करना है। प्रधानमंत्री जमुई से वर्चुअल माध्यम से पीएम–जनमन अभियान के अंतर्गत बनाए गए ग्यारह हजार घरों के गृह प्रवेश में भी शामिल हुए। श्री मोदी ने इस अवसर पर आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव उपवन शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा के वंशज बुधराम मुंडा

और शहीद सिद्धो कान्हू के परिवार के सदस्य मंडल मुर्मू को भी सम्मानित किया। आकाशवाणी समाचार लिए जमुई से पंकज कुमार।

इधर, जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि बिरसा मुंडा की जयंती पर धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया गया और जनजातीय समुदाय के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

---

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आज राजधानी पटना में सचिवालय के पास स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला मुख्यालयों में भी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

---

दक्षिण बिहार के मगध, पटना, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो गयी है। यह खरीद पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से की जा रही है। राज्य सरकार ने इस वर्ष पैंतालीस लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। साधारण धान तेईस सौ रूपये और ग्रेड–ए धान तेईस सौ बीस रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जायेगी। उत्तर बिहार के उन्नीस जिलों में एक नवंबर से ही धान की अधिप्राप्ति की जा रही है।

---

सिवान जिले के लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक व्यक्ति की आंखों की रौशनी चली गई है। वहीं, एक अन्य को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। इधर, प्रशासन की ओर से शराब कारोबारियों की धर–पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

---

आज कार्तिक पूर्णिमा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा, कोसी, गंडक और बागमती समेत अन्य पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाई। सारण जिले में गंगा और गंडक नदियों के प्रसिद्ध संगम कोन्हारा घाट पर स्नान के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। पटना शहर के विभिन्न गंगा घाटों, बेगूसराय के सिमरिया घाट,

बक्सर के रामरेखा घाट, शिवहर के बेलवा और डुब्बा घाट पर भी बड़ी संख्या में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा–पाठ कर दान–पुण्य भी किया। इधर, बेगूसराय में पिछले एक महीने से चल रहा प्रसिद्ध कार्तिक कल्पवास मेला भी आज समाप्त हो गया। मिथिला का लोक पर्व सामा चकेबा भी आज संपन्न हुआ।

———————————————————————————

सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव जी महाराज का पांच सौ पचपनवां प्रकाशोत्सव आज श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गुरु नानक जी का जन्म नानकशाही कैलेंडर के अनुसार कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन चौदह सौ उनहत्तर में वर्तमान पाकिस्तान के पंजाब क्षेत्र के तलवंडी गाँव में हुआ था, जिसे अब ननकाना साहिब के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर पटनासिटी स्थित तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब में विशेष आयोजन किया जा रहा है। एक रिपोर्ट————

———रिपोर्ट———

प्रकाश पर्व पर देश विदेश से सिख श्रद्धालु गुरु नानक देव जी महाराज को अर्दास अर्पित करने पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा पहुंचे हुए हैं। यहां गुरु नानक देव जी महाराज की जयंती को लेकर पूरे इलाके में उत्सव का माहौल है। देश के विभिन्न हिस्सों के गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों से आये हुजूर रागी शबद कीर्तन प्रस्तुति से विशेष समां बांध रहे हैं। दोपहर बाद से ही गुरु महाराज के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर कथा वाचन को सुन कर लोग धन्य हो रहे हैं। गुरुनानक देव जी ने नाम जपो और कीरत करो, वंड छको की जो शिक्षाएं दी यहां आने वाले लोग उसे आत्मसात कर रहे हैं। इससे पहले गतका दल के वीरों ने तलवारबाजी, घुड़दौड़ के माध्यम से कई हैरतअंगेज करतब दिखाये। प्रकाश पर्व पर विशेष अटूट लंगर जारी है। गुरु महाराज के जीवन और उनके उपदेशों पर आधारित कथा प्रवचन देर रात तक चलेगा। इसके बाद अखंड पाठ की समाप्ति होगी और मध्य रात्रि में गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाशोत्सव मनाया जायेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी गुरूनानक जयंती के अवसर पर गुरूद्वारों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। सुबह से ही श्रद्धालु शबद कीर्तन और गुरूवाणी सुनने के साथ ही गुरूद्वारों में मत्था टेक रहे है। राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तहत वर्ग छह से आठ तक के लिए छह विषयों का परिणाम जारी कर दिया है। कुल सोलह हजार नौ सौ नवासी उम्मीदवार सफल हुए हैं। वहीं, आयोग ने कक्षा एक से पांच के अंतर्गत तीन विषयों के लिए अध्यापक की नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी किया है। इस परीक्षा में इक्कीस हजार नौ सौ ग्यारह अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

———————————————————————————————

उत्तर–पश्चिमी हवा की गति बढ़ने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

———————————————————————————————

सीमा शुल्क विभाग की टीम ने भागलपुर और मुजफ्फरपुर से पांच लाख रुपये मूल्य की चाईनीज लहसुन जब्त की है। गौरतलब है कि चाईनीज लहसुन में फंगस पाये जाने के कारण इसे केंद्र सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है।

———————————————————————————————

मधुबनी जिले के झंझारपुर में शांतिनाथ महादेव मंदिर के पास अपराधियों ने एक जेल कर्मी अभिरंजन कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————————————

अररिया जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने विभिन्न कांडो के वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

बांका जिले के कटोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हथगढ़ गांव मे पुलिस ने छापेमारी कर पचपन लीटर शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जमुई से छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

02. श्री मोदी ने कहा– एनडीए सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति के संरक्षण तथा उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

03. दक्षिण बिहार के मगध, पटना, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू।

04. कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा समेत विभिन्न नदियों में लगाई आस्था की डुबकी।

05. और, सिख धर्म के संस्थापक गुरूनानक देव जी महाराज का पांच सौ पचपनवां प्रकाशोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।